वर्साय की संधि

हाल ही में **वर्साय की संधि की वर्षगाँठ** मनाई गई जिस पर **28 जून 1919 को** फ्राँस के पेरिस में स्थित **वर्साय पैलेस में हस्ताक्षर किये गए** थे।

- यह उन संधियों में से एक थी जिसने आधिकारिक तौर पर **पाँच वर्षों** तक जारी संघर्ष अर्थात् **प्रथम विश्व युद्ध (1914-18)** को समाप्त कर दिया।
- इस संधि में **जर्मनी** और **विजयी मित्र राष्ट्रों,** जिसमें **संयुक्त राज्य अमेरिका, फ्राँस तथा यूनाइटेड किंगडम** शामिल थे, के बीच शांति की शर्तों का उल्लेख किया गया था।
- इस संधि के **युद्ध अपराधबोध अनुच्छेद (War Guilt Clause)** के तहत **प्रथम विश्व युद्ध** के कारण हुई साड़ी तबाही के लिये **जर्मनी और अन्य केंद्रीय शक्तियों (जैसे- ऑस्ट्रिया-हंगरी)** को ज़िम्मेदार ठहराया गया।
- इसके कारण **क्षेत्र अतिक्रमण, सैन्य बलों में कमी** और **जर्मनी द्वारा मित्र राष्ट्रों को क्षतिपूर्ति भुगतान** करना पड़ा।
- **जर्मन आबादी के विघटन** को बाद में हिटलर ने जर्मन आक्रमण और विस्तार को सही सिद्ध करने के लिये किया।
- इसने पूरे यूरोपीय अर्थव्यवस्था के लिये गंभीर जोखिम उत्पन्न किया जिसके कारण वर्ष **1929 की महामंदी** हुई।
- इस संधि ने जर्मनों में नाराज़गी पैदा की जिन्होंने इसे एक निर्धारित शांति के रूप में देखा और इसे द्वितीय विश्व युद्ध के कारणों में से एक माना जाता है।
- इससे जर्मन लोग क्रोधित हुए और उन्होंने इसे एक **जबरन लागू की गई शांति** के रूप में देखा और साथ ही इसे **द्वितीय विश्व युद्ध** के कारणों में से एक माना जाता है।
- इसके अतिरिक्त, इस संधि के कारण **राष्ट्र संघ** का गठन हुआ।

और पढ़ें: **प्रथम विश्व युद्ध**

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/treaty-of-versailles